न्यायालय उप खण्ड अधिकारी
नांगल राजावतान जिला दौसा।

पीठासीन अधिकारीः बृजेन्द्र मीना
नम्बर मुकदमा 09/2021

राजेन्द्र **बनाम** राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र अं0 धारा 136 रा0 ले0 रे0 ए0

उपस्थितःप्रार्थीअधिवक्ता–राजकुमार तिवाडी एडवोकेट

निर्णय दिनांक 26–07–2021

निर्णय

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट बाबत दुरूस्ती इन्द्राज प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को नोटिस जारी किये अप्रार्थी बावजूद नोटिस उपस्थित नहीं आने पर प्रार्थी द्वारा प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संबंध में स्वयं प्रार्थी राजेन्द्र का शपथ पत्र एवं दो गवाहो के रूप में बडे भाई सीताराम एवं माता का शपथ पत्र तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड वर्तमान जमाबन्दी राशन कार्ड आदि दस्तावेज प्रस्तुत किये उपरोक्त सभी दस्तावेजो एवं जमाबन्दी तथा प्रार्थी राजेन्द्र के पहचान के दस्तावेजो का अवलोकन किया गया।

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर आदेश दिये जाते है कि प्रार्थी की खातेदारी कब्जे काश्त की

उपखण्ड अधिकारी
एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट
नांगल राजावतान (दौसा)

भूमि स्थित वाके **ग्राम मलवास** तहसील नांगल राजावतान जिला दौसा में **खाता संख्या 252** की कृषि भूमि आराजी खसरा नम्बर 197 रकबा 0.21 है0, खसरा नम्बर 198 रकबा 0.17 है0, खसरा नम्बर 199 रकबा 0.18 है0, खसरा नम्बर 200 रकबा 0.27 है0, कुल किता 4 कुल रकबा 0.83 है0, **खाता संख्या 270** की कृषि भूमि आराजी खसरा नम्बर 112 रकबा 0.23 है0, खसरा नम्बर 115 रकबा 0.33 है0, खसरा नम्बर 1179/113 रकबा 0.57 है0, खसरा नम्बर 245 रकबा 0.15 है0, खसरा नम्बर 246 रकबा 0.20 है0, खसरा नम्बर 4 रकबा 0.04 है0 कुल किता 6 कुल रकबा 1.77 है0, एवम वाके **ग्राम खेडावास तहसील नांगल** राजावतान में खाता संख्या **86** की कृषि भूमि आराजी खसरा नम्बर 102/338 रकबा 0.72 है0 के राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी एवं अन्य सरकारी राजस्व दस्तावेजात में अंकित प्रार्थी का नाम राजू पुत्र नारायण व राजू नाबालिग पुत्र नारायण को दुरूस्त कर राजेन्द्र पुत्र नारायण दर्ज किया जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। इस निर्णय की तहरीर तहसीलदार नांगल राजावतान को जारी हो।

उपखण्ड अधिकारी
नांगल राजावतान जिला दौसा।

उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर
नांगल राजावतान (दौसा)